web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Social Justice Union
Govt. Registered

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 07 जुलाई 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 279

## अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा चीन, एलएसी के पास तैनात किए अत्याधुनिक जासूसी ड्रोन्स



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद के बीच चीन अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। अब ड्रैगन ने भारतीय सीमा की जासूसी करने के लिए अपने अत्याधुनिक 2 ड्रोन बॉर्डर के नजदीक तैनात कर दिया है। मीडिया को मिली जानकारी से मुताबिक, चीन ने अपने इस जासूसी ड्रोन की तैनाती ऐसी जगह पर की है जहां से वो भारतीय पूर्वी लद्दाख की सीमा की जासूसी कर सकता है और दूर रहकर सेना की 14वीं कोर और 33वीं कोर की मूवमेंट पर नजर रख सकता है।

दरअसल, भारत की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (रढ्ढ) की बढ़ती ताकत ने चीन के पसीने छुड़ा दिए हैं। चीन की इस जालसाजी के पीछे सबसे बड़ी वजह है कि वो भारतीय फौज से खौफजदा होकर उनकी निगरानी करना चाहता है। एक तरह जहां भारत स्वदेशी ड्रोन की मदद से अपनी ताकत में इजाफा कर रहा है वहीं अमेरिका के साथ हाल ही में साइन की गई ड्रोन डील ने चीन की रातों की नींदे उड़ा दी है।

इसलिए वो हर हाल में भारत की बढ़ती ताकत से परेशान है और परेशानी का आलम ये है कि चीन ने तिब्बत में शिगात्से हवाई अड्डे पर ङ्ख5-7 ड्रोन, ड्रोन की तैनाती की है जबकि खुफिया जानकारी इकट्ठा करने, निगरानी करने वाले और अटैकिंग टोही ड्रोनस को डिप्लॉय कर दिया है।

चीन के पास ये ड्रोन हैं जिसका इस्तेमाल वो अक्सर भारत और जापान की जासूसी के लिए करता रहता है। लेकिन यहां पर ये सोचने की ज़रूरत नहीं कि दुश्मन चीन के इस जासूसी कांड की जानकारी भारतीय फौज को नहीं, बल्कि चीन की हर चाल को मात देने के लिए भारत तैयार है और इसके साथ-साथ भारत लगातार अपनी ताकत को पहले से और मजबूत करने में जुटा हुआ है।

चीन को जवाब देने के लिए भारत ने 'तपस' को तैयार किया है। ये स्वदेशी हथियार भारत की फौज का मजबूत प्रहरी है। जिसको डीआरडीओ ने बनाया है। इसके साथ ही चीन को लगी इस मिर्ची के पीछे भारत अमेरिका की प्रीडेटर ड्रोन की डील भी है जिससे बौखलाया चीन अब भारत की सीमाओं की जासूसी पर उतर आया है।

### भारतीय नौसेना का लेह-लद्दाख में आउटरीच कार्यक्रम

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय नौसेना ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के साथ संपर्क को मजबूत करने के लिए समर्पित एक बहुआयामी आउटरीच कार्यक्रम शुरू किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य रक्षा सेवाओं में लद्दाख के युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी बढ़ाना, राष्ट्र-निर्माण को मजबूत करना और क्षेत्र में समुद्री चेतना को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, नौसेना स्टाफ के प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार आज और कल लेह में विभिन्न आउटरीच गतिविधियों की मेजबानी करेंगे। भारतीय नौसेना ने इससे पहले पिछले साल आउटरीच गतिविधियों के हिस्से के रूप में उत्तर पूर्व में व्यापक गतिविधियां की थीं।भारतीय नौसेना के आउटरीच के हिस्से के रूप में लद्दाख में होने वाले कार्यक्रमों में नौसेना बैंड द्वारा एक सार्वजनिक बैंड प्रदर्शन, भारतीय नौसेना और लद्दाख यूटी टीम के बीच एक दोस्ताना फुटबॉल मैच, बाइक और कार अभियान को हरी झंडी दिखाना और दौरे शामिल होंगे। लेह में अपनी यात्रा के दौरान, सीएनएस लेह और लद्दाख के माननीय उपराज्यपाल (एलजी), ब्रिगेडियर (डॉ.) बीडी मिश्रा, (सेवानिवृत्त) से मुलाकात करेंगे और युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके भारतीय नौसेना की ओर से सम्मान देंगे। एनडब्ल्यूडब्ल्यूए की अध्यक्ष श्रीमती कला हरि कुमार के साथ सीएनएस 06 जुलाई 23 को सिंधु संस्कृति केंद्र में भारतीय नौसेना बैंड द्वारा एक विशेष नौसेना बैंड कॉन्सर्ट च्सरगमज् में मुख्य मेजबान होंगे। एलजी इसके मुख्य अतिथि होंगे। नौसेना टीम और लद्दाख टीम के बीच स्पितुक फुटबॉल स्टेडियम में एक दोस्ताना फुटबॉल मैच निर्धारित है, जिसे सीएनएस मुख्य मेजबान और एलजी मुख्य अतिथि के रूप में देखेंगे। एलजी क्रमश: दिल्ली और विशाखापत्तनम में वापसी चरण में मोटरसाइकिल और कार अभियानों को भी हरी झंडी दिखाएंगे। सीएनएस और एनडब्ल्यूडब्ल्यूए के अध्यक्ष लैमडन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों और शिक्षकों का दौरा करेंगे और उनके साथ बातचीत करेंगे।मोटरसाइकिल और कार अभियान में लद्दाख के मूल निवासी नौसेना कर्मियों और 20 महिलाओं सहित 107 प्रतिभागी शामिल थे, जो क्रमश: 15 और 22 जून 23 को दिल्ली और विशाखापत्तनम से शुरू हुए और पूरे लद्दाख क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में 3000 से अधिक छात्रों के साथ बड़े पैमाने पर जुड़े।

## सरसों की एमएसपी पर खरीद 10 दिवस बढ़ी, अब 24 जुलाई तक होगी खरीद

**जयपुर (आरएनएस)।** प्रमुख शासन सचिव सहकारिता श्रेया गुहा ने बताया कि प्रदेश में सरसों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद अवधि को 14 जुलाई से बढ़ाकर 24 जुलाई, 2023 तक किया गया है। राज्य सरकार ने अधिक से अधिक किसानों से समर्थन मूल्य पर खरीद सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार से खरीद अवधि बढ़ाने के लिए आग्रह किया था। इस निर्णय से प्रदेश के लाखों किसानों को लाभ मिलेगा।

गुहा ने कहा कि 5 जुलाई तक प्रदेश के 2 लाख 44 हजार 220 किसानों से 6 लाख 27 हजार 700 मीट्रिक टन की सरसों एवं चना की एमएसपी पर खरीद हुई है। जिसकी राशि 3392 करोड़ रूपये है। इसमें से 1 लाख 46 हजार 253 किसानों से 3.80 लाख मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। जिसकी राशि 2 हजार 71 करोड़ रूपये है। जबकि 97,967 किसानों से 2.47 लाख मीट्रिक टन चना की खरीद की गई है। जिसकी राशि 1321 करोड़ रूपये है। उन्होंने बताया कि खरीद प्रक्रिया के तहत सरसों बेचान के लिए 2 लाख से ज्यादा किसानों ने पंजीयन कराया है। जिसमें से 2 लाख 18 हजार 373 किसानों को दिनांक आवंटित कर दी गई है। जबकि चना बेचान के लिए 1 लाख 17 हजार 351 किसानों ने पंजीयन कराया था। उन सभी किसानों को दिनांक आवंटित कर दी गई है। प्रमुख शासन सचिव ने बताया कि खरीद अवधि 10 दिवस और बढऩे से किसान खरीद केन्द्रों पर अपनी उपज का बेचान 24 जुलाई तक कर सकेंगे। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि संबंधित खरीद केन्द्रों पर एफएक्यू मानकों के अनुरूप ही सरसों लेकर जाएं ताकि उनसे खरीद सुनिश्चित हो सके। प्रबन्ध निदेशक राजफैड उर्मिला राजोरिया ने बताया कि सरसों की खरीद के लिए नैफेड से बारदाना क्रय किया जा रहा है। राजफैड द्वारा पर्याप्त मात्रा में बारदाने की व्यवस्था की हुई है।

## अंतरिक्ष में ले जाने वाले रॉकेट पर सवार हुआ चंद्रयान-3



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग की तारीख नजदीक आ गई है। 13 जुलाई को दोपहर ढाई बजे इसे लॉन्च किया जाना है। इस लॉन्चिंग की तैयारी के दौरान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रयान-3 को उसे अंतरिक्ष में ले जाने वाले रॉकेट से जोड़ दिया है। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में पेलोड फेयरिंग को जियोसिंक्रोनस लॉन्च व्हीकल जीएसएलवी एमके के साथ जोड़ दिया गया।

चंद्रयान-3 मिशन, 13 जुलाई को लॉन्च होने वाला है। यह पृथ्वी के एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह चंद्रमा के भूविज्ञान का पता लगाएगा। 3900 किलोग्राम के अंतरिक्ष यान को पहले यूआर राव सैटेलाइट सेंटर में रॉकेट के पेलोड फेयरिंग यानी उपरी हिस्से में डाला गया और फिर इसे रॉकेट के नीचले हिस्से से जोडऩे के लिए ले जाया गया। ये हिस्सा इसे पृथ्वी की कक्षा के बाहर धकेल देगा और इसे पृथ्वी से लगभग 3,84,000 किलोमीटर दूर चंद्रमा की ओर ले जाएगा।

इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने हाल ही में घोषणा की थी, 'हम चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग करने में सक्षम होंगे। 13 जुलाई पहला संभावित लॉन्च दिवस है और यह 19 जुलाई तक जा सकता है।' इससे पहले, सोमनाथ ने कहा था कि 12 जुलाई से 19 जुलाई के बीच की अवधि लॉन्च के लिए तय की गई है।

रॉकेट के टॉप पर लगे पेलोड फेयरिंग में लैंडर, रोवर को प्रोपल्शन मॉड्यूल के साथ जोड़ा गया है, जो इसे अलग होने से पहले चंद्रमा से 100 किलोमीटर की ऊंचाई तक ले जाएगा।

भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने कहा है कि लैंडर में एक निर्दिष्ट चंद्र स्थल पर सॉफ्ट लैंडिंग करने और रोवर को तैनात करने की क्षमता होगी जो अपनी गतिशीलता के दौरान चंद्रमा की सतह का इन-सीटू रासायनिक विश्लेषण करेगा।

यह महत्वाकांक्षी मिशन चंद्रयान के दो मिशन के बाद तीसरा प्रयास होगा। चंद्रयान-2 चार साल पहले 2019 में चंद्रमा की सतह पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। चंद्रयान-3 मिशन चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र का पता लगाएगा और चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करने का प्रयास करेगा, जिससे भारत उस मील के पत्थर तक पहुंचने वाला दुनिया का चौथा देश बन जाएगा।

## भाजपा ने 18 जुलाई को बुलाई एनडीए घटक दलों की बैठक, पुराने सहयोगियों पर भी नजर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** विपक्षी दलों की एकता की मुहिम के बीच भाजपा ने भी अपने गठबंधन एनडीए को फिर से मजबूत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। लोक सभा चुनाव की तैयारियों के साथ-साथ 20 जुलाई से शुरू होने जा रहे संसद के मानसून सत्र में बेहतर समन्वय स्थापित कर एक सुर में विरोधी दलों के आरोपों का जवाब देने की रणनीति बनाने के लिए भाजपा ने सत्र से पहले 18 जुलाई को नई दिल्ली में एनडीए घटक दलों की बैठक बुलाई है।

इसी के साथ एनडीए गठबंधन के विस्तार को लेकर भी खबरें आने लगी हैं। यह कहा जा रहा है कि नए साथियों को लेकर भाजपा की तलाश का सकारात्मक नतीजा आने वाले दिनों में सामने आ सकता है और भाजपा के अकाली दल और टीडीपी जैसे पुराने सहयोगी भी एनडीए की बैठक में मौजूद रह सकते हैं।

कर्नाटक से पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा की पार्टी जेडीएस के भी एनडीए में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही है। यहां तक कि बिहार से नीतीश कुमार के भी फिर से भाजपा के साथ आने की खबरें राजनीतिक गलियारों में सुनाई देने लगी है। हालांकि, नीतीश कुमार की वापसी को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने गुरुवार को पार्टी के स्टैंड को साफ करते हुए कहा कि अमित शाह 3-4 बार साफ तौर पर यह घोषणा कर चुके हैं कि नीतीश कुमार के लिए भाजपा के दरवाजे पूरी तरह से बंद हो चुके हैं।

अकाली दल की वापसी के मसले पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से लेकर विजय रूपानी तक भाजपा के कई नेता बार-बार यह दावा कर रहे हैं कि पार्टी पंजाब में अकेले लोक सभा चुनाव लड़ेगी।

पंजाब के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने भी बुधवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात करने के बाद साफ-साफ शब्दों में यह कहा कि अकाली दल के साथ गठबंधन के कारण सीटों की लिमिटेशन की वजह से भाजपा को काफी नुकसान उठाना पड़ा है और राज्य के कई इलाके खासतौर पर पंजाब के ग्रामीण इलाकों में भाजपा है ही नहीं। उन्होंने कहा कि उन्हें पार्टी को पंजाब की सभी 117 विधान सभा सीटों तक ले जाने की जिम्मेदारी मिली है। अभी अकाली दल की हालत खराब है और अब भाजपा बड़े भाई की भूमिका में बात करने की स्थिति में आ गई है इसलिए अब हमें बड़े भाई की भूमिका में ही बात करनी चाहिए।

वहीं, टीडीपी नेता चंद्रबाबू नायडू को फिर से एनडीए में लाने की कवायद के बीच भाजपा ने हाल ही में पूर्व केंद्रीय मंत्री डी पुरंदेश्वरी को आंध्र प्रदेश और जी किशन रेड्डी को तेलंगाना का प्रदेश अध्यक्ष बनाकर अपने इरादे साफ कर दिए हैं।

भाजपा के उच्चस्तरीय सूत्रों के मुताबिक, पार्टी निश्चित तौर पर अपने गठबंधन का विस्तार करना चाहती है और जो भी राजनीतिक दल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मिलकर देश की विकास यात्रा में शामिल होना चाहते हैं उनका स्वागत है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में जीतन राम मांझी की पार्टी हम और अजित पवार की पार्टी एनसीपी भाजपा के साथ आई है और भविष्य में कई अन्य राजनीतिक दल भी पार्टी के साथ जुड़ सकते हैं।

हालांकि, यह बताया जा रहा है कि पार्टी ने पंजाब, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक में अकेले लोक सभा चुनाव लडऩे का फैसला कर लिया है। लेकिन, पार्टी जिस तरह से बिहार में छोटे-छोटे दलों के साथ गठबंधन कर बड़े भाई की भूमिका में चुनाव लड़ रही है उसी तर्ज पर अगर कोई राजनीतिक दल अपने प्रभाव वाले राज्य में पार्टी को बड़े भाई की भूमिका देने को तैयार हो जाती है तो गठबंधन में उनका स्वागत है। इशारा स्पष्ट तौर पर अकाली दल और टीडीपी के लिए है।

## अनियंत्रित होकर बस 80 फीट गहरी खाई में गिरी, 29 लोगों की मौत- 19 से अधिक घायल

**मेक्सिको सिटी ।** मेक्सिको सिटी से आ रही एक बस ओक्साका राज्य में 80 फीट गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में कम से कम 29 लोगों की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। राज्य सरकार के सचिव जोस डी जीसस रोमेरो ने बताया कि दुर्घटना मैग्डेलेना पेनास्को नगर पालिका में हुई, जब वाहन सडक़ से उतरकर 80 फीट गहरी खाई में जा गिरी।

सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए कई वीडियो और तस्वीरों के अनुसार, अधिकारी और स्थानीय निवासी घायलों को बचाने और शवों को निकालने के लिए तेजी से आगे बढ़े। दुर्घटना का कारण निर्धारित करने के लिए अभी जांच चल रही है। ओक्साका सरकार के सेक्रेटरी जनरल जीसस रोमेरो लोपेज ने बताया कि हादसा मगडालेना पेनास्को गांव के पास हुआ। मृतकों में 13 पुरुष, 13 महिलाएं और एक साल का बच्चा शामिल है। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है।

जीसस रोमेरो ने बताया कि ऐसा लग रहा है जैसे हादसा तकनीकी गड़बड़ी के चलते हुआ। ड्राइवर ने बस का कंट्रोल खो दिया था, जिसकी वजह से बस खाई में गिर गई। जहां ये हादसा हुआ वह शहर पहाड़ी इलाके में बसा है। घुमावदार सडक़ें हैं और गहरी खाई हैं।

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट की बैठक में अधिकारियों-कर्मचारियों के डीए में वृद्धि का निर्णय

- **मंहगाई भत्ते की दर में सातवें वेतनमान में 5 प्रतिशत तथा छठवें वेतनमान में 11 प्रतिशत की वृद्धि**
- **शासकीय सेवकों को 01 जुलाई 2023 से मिलेगा बढ़ा हुआ मंहगाई भत्ता**
- **वृद्धि उपरांत अब सातवें वेतनमान में 38 प्रतिशत तथा छठवें वेतनमान में 212 प्रतिशत की दर से देय होगा मंहगाई भत्ता**
- **वित्त विभाग द्वारा आदेश जारी**



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज आयोजित कैबिनेट की बैठक में राज्य शासन के अधिकारियों-कर्मचारियों के मंहगाई भत्ते में वृद्धि का निर्णय लिया गया है। वित्त विभाग द्वारा इस संबंध में मंत्रालय से आज ही आदेश जारी कर दिया गया है। मंहगाई भत्ते की दर में 01 जुलाई 2023 से सातवें वेतनमान में 5 प्रतिशत तथा छठवें वेतनमान में 11 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

शासकीय सेवकों को सातवें वेतनमान में 33 प्रतिशत महंगाई भत्ता का भुगतान किया जा रहा है, इसमें 5 प्रतिशत की वृद्धि के बाद अब शासकीय सेवकों को 38 प्रतिशत की दर से मंहगाई भत्ता देय होगा। शासकीय सेवकों को बढ़ा हुआ मंहगाई भत्ता 01 जुलाई 2023 से देय होगा। इसी प्रकार छठवें वेतनमान में शासकीय सेवकों को 201 प्रतिशत मंहगाई भत्ता का भुगतान किया जा रहा है, इसमें 11 प्रतिशत वृद्धि के बाद 01 जुलाई 2023 से 212 प्रतिशत की दर से शासकीय सेवकों को मंहगाई भत्ता देय होगा।

स्कूल में करंट लगने से एक छात्रा की मौत हो गयी, वहीं दो छात्रा की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह घटना प्राथमिक शाला लोधी की बतायी जा रही है। जानकारी के मुताबिक चैनल गेट में करंट लगने से ये बड़ा हादसा हुआ है।

जानकारी के मुताबिक वाड्रफनगर जनपद पंचायत के प्राथमिक शाला लोधी में पढऩे वाले 3 बच्चियों को करंट लगा था। स्कूल में लगे बिजली के वायर से करेंट लगने की खबर है। जानकारी के मुताबिक पीडीएस दुकान का इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम को चार्ज करने के लिए लेकर गए थे कनेक्शन, उसी से करेंट फैल गया। घटना में एक बच्ची की मौत, 2 गम्भीर रूप से घायल है। इस हादसे की पुष्टि बीईओ रोहित जायसवाल ने की है।

इस मामले में अब स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगा रहा है। इधर बच्ची के परिजनों में इस घटना को लेकर आक्रोश है। उनका कहना है कि बच्चों को स्कूल पढऩे के लिए भेजा जाता है। बच्चों की सुरक्षा की जिम्मेदारी शाला प्रबंधन की होती है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### घनी आबादी वाले इलाके में जहरीली गैस का रिसाव, दम घुटने से 16 लोगों की मौत

**जोहान्सबर्ग ।** दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग के पूर्व बोक्सबर्ग की एक बस्ती में जहरीली गैस का रिसाव होने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया ने आपातकालीन अधिकारियों के हवाले से कहा कि प्रारंभिक जांच में अनुमान लगाया जा रहा है कि यह अवैध सोने के खनन से जुड़ा हुआ मामला हो सकता है। नाइट्रेट ऑक्साइड गैस का उपयोग प्राय: खनिक अवैध सोना प्राप्त करने के लिए परित्यक्त खदान से चोरी की गई मिट्टी से सोना निकालने के लिए करते हैं। बोक्सबर्ग की घनी आबादी वाले एंजेलो शैंटी शहर में नाइट्रेट ऑक्साइड का एक गैस सिलेंडर लीक हुई। एक आपातकालीन अधिकारी ने कहा कि घटनास्थल पर खोज और बचाव अभियान के साथ शवों की तलाश जारी है।

### मणिपुर में थम नहीं रहा हिंसा का दौर, स्कूल के बाहर महिला की गोली मारकर हत्या

**इंफाल (आरएनएस)।** मणिपुर के इंफाल वेस्ट जिले से बड़ी खबर सामने आई है। यहां स्कूल के बाहर एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इंफाल पुलिस ने बताया कि गुरुवार सुबह महिला जब शिशु निकेतन स्कूल के बाहर खड़ी हुई थी, तभी बदमाशों ने इस घटना को अंजाम दिया है। यहां एक दिन पहले ही यहां स्कूल खोले गए हैं। प्रदेश में जारी हिंसा के बीच सरकार ने इंटरनेट पर बैन को 10 जुलाई तक बढ़ा दिया है। राज्य में 64 दिनों से कुकी और मैतेई समुदाय के लोगों के बीच हिंसा जारी है। अब तक 135 से ज्यादा लोग इस हिंसा में अपनी जान गंवा चुके हैं और 400 से ज्यादा लोग घायल हो चुके हैं। मणिपुर सरकार ने 8वीं तक के स्कूल खोलने के आदेश दिए थे।

### सोना-चांदी नहीं, यहां चोरों ने खेतों से उड़ाए लाखों रुपये के टमाटर

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** देश में महंगाई लगातार बढ़ रही है। गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल के अलावा सब्जियों के दाम भी आसमान छू रहे हैं। देशभर में टमाटर की कीमतों ने तो सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। देश के कई राज्यों में टमाटर के दाम 150 रुपये प्रति किलो के पार हो गए हैं। इसी कड़ी में कर्नाटक में एक हैरान करने वाला मामले सामने आया है। टमाटर की बढ़ती कीमतों के बीच कर्नाटक के हासन जिले में चोरों ने एक किसान के खेत में डाका मारा है। चोरों से खेतों से लाखों रुपये के टमाटर चोरी कर लिए। इस मामले में किसान ने पुलिस को शिकायत दी है। किसान धरनी ने कहा कि उसके खेत से चोरों ने कई किलो टमाटर चुरा लिए हैं। टमाटरों की कीमत करीब ढाई लाख रुपये है। धरनी ने बताया कि उसने दो एकड़ जमीन पर टमाटर की फसल उगाई थी। टमाटर की फसल काटकर वो उसे बाजार में बेचने की प्लानिंग कर रही थी, लेकिन तभी चोरों ने टमाटरों पर हाथ साफ कर दिया।

### कामकाजी महिला पति से भारी-भरकम मुआवजे का दावा नहीं कर सकती : कर्नाटक हाईकोर्ट

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि जब एक विवाहित महिला काम करने में सक्षम है, तो वह अपने पति से भारी-भरकम मुआवजे की उम्मीद नहीं कर सकती है। न्यायमूर्ति राजेंद्र बदामीकर की अध्यक्षता वाली पीठ ने बुधवार को एक तलाकशुदा महिला द्वारा प्रस्तुत आपराधिक समीक्षा याचिका पर विचार करते हुए यह फैसला दिया। अदालत ने सत्र अदालत के फैसले को भी बरकरार रखा, जिसमें मासिक गुजारा भत्ता राशि 10,000 रुपये से घटाकर 5,000 रुपये और मुआवजा तीन लाख रुपये से घटाकर दो लाख रुपये कर दिया गया। पीठ ने कहा कि शादी से पहले काम करने वाली महिला के लिए शादी के बाद घर बैठने के लिए पर्याप्त आधार नहीं हैं।पीठ ने कहा, काम करने की क्षमता होने के बावजूद वह बेकार नहीं रह सकती और पति से मुआवजे की मांग नहीं कर सकती। वह केवल आजीविका के लिए गुजारा भत्ता मांग सकती है। याचिकाकर्ता का पूर्व पति एक प्रोविजन स्टोर चलाता है और अपनी मां और अविवाहित बहन की देखभाल कर रहा है। पति के साथ रहने में असमर्थ होने पर महिला ने तलाक मांगा। याचिकाकर्ता ने तीन लाख रुपये मुआवजा और 10,000 रुपये मासिक गुजारा भत्ता की मांग की थी। सत्र अदालत ने दो लाख रुपये मुआवजा और 5,000 रुपये गुजारा भत्ता दिया था।